22/09/26

Notice - 109

सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि LURN Registration/Online Admission Application प्रक्रिया को दिनाँक 30/09/26 तक पूर्ण करना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय के भीतर प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती तो छात्राओं का आवेदन रद्द माना जायेगा और इसके बाद होने वाली किसी भी समस्या की जिम्मेदार छात्रायें स्वयं होंगी। LURN फॉर्म सम्बन्धी प्रक्रिया में समस्या आने पर छात्रायें Subject Teacher (for Arts) & Class teacher (for Commerce) से सम्पर्क करें।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं के प्रवेश एवं शैक्षणिक अभिलेखों को विश्वविद्यालयीय पोर्टल पर सुव्यवस्थित रूप से दर्ज किए जाने के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि प्रत्येक संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा निर्धारित प्रक्रिया समयान्तर्गत पूर्ण की जाए।

इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अनिवार्य रूप से सूचित करें–

1. सर्वप्रथम छात्र–छात्रा अपने LURN Registration Login ID एवं Password के माध्यम से Samarth Portal पर अपना प्रोफाइल Login करें।
2. Login करने के उपरान्त "Apply Now" पर क्लिक कर Online Admission Application Form भरें।
3. अपने Programme Level (Under&Graduate/UG अथवा Post-Graduate/PG) एवं संबंधित पाठ्यक्रम (Programme) का चयन करें।
4. जिस सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश लिया जाना है, उस College का चयन कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करें।
5. अपनी Academic Details पूर्ण एवं सही रूप से दर्ज करें तथा निर्देशानुसार आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में Upload करें।
6. Upload किए गए समस्त विवरण एवं दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जाँच करें।
7. Online Admission Application Form का Preview देखकर यह सुनिश्चित करें कि दर्ज की गई समस्त जानकारी सही है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो Submit करने से पूर्व उसमें आवश्यक संशोधन कर लें।
8. समस्त जानकारी सही पाए जाने के उपरान्त Online Admission Application Form को Submit करें। Form Submit होने के पश्चात Application Form Generate होगा। छात्र–छात्रा इसक प्रिंट/सॉफ्ट कॉपी सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।
09. उपर्युक्त LURN Registration एवं Online Admission Application की सम्पूर्ण प्रकिया दिनांक 30 सितम्बर, 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

विशेष रूप से ध्यानाकर्षण

यह स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालय द्वारा अपने Samarth College Login के माध्यम से छात्र–छात्राओं के प्रवेश को Grant करने की प्रक्रिया तभी संपादित की जा सकेगी, जब संबंधित छात्र–छात्रा द्वारा LURN Registration एवं Online Admission Application Form की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो। जिन छात्र–छात्राओं द्वारा LURN Registration/Online Admission Application की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई होगी, वे संबंधित महाविद्यालय के Samarth Login में प्रदर्शित नहीं होंगे और ऐसे छात्र–छात्राओं का प्रवेश Grant किया जाना संभव नहीं होगा।

Surbhi Garg
22/9/26
डा० सुरभि जी० गर्ग
प्राचार्या